








# पर्यावरण दिवस पर पिपरी टोला में गूंजा प्रकृति संरक्षण का शंखनाद

## बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने लिया पर्यावरण बचाने का संकल्प

नवभारत न्यूज

**जैतवारा 6 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सतना जिले के पिपरी टोला में प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को समर्पित एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बढ़ते प्रदूषण, घटते वन क्षेत्र और असंतुलित होते मौसम चक्र के बीच आयोजित इस कार्यक्रम ने ग्रामीणों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई चेतना और जिम्मेदारी का संचार किया।**




कार्यक्रम का नेतृत्व शिवा ग्रामीण विकास संस्थान के संस्थापक, राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (मध्य प्रदेश) के प्रदेश सलाहकार तथा भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध पर्यावरण मंच इकाई (सतना) के जिला संयोजक बृजेंद्र सिंह ने किया। उनके मार्गदर्शन में सैकड़ों ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं एवं पर्यावरण प्रेमियों ने धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। पर्यावरण संरक्षण ही सुरक्षित भविष्य की कुंजी अपने संबोधन में बृजेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि यदि आज हम प्रकृति की रक्षा नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को जल संकट, प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ेगा।उन्होंने जल, जंगल और जमीन को जीवन का आधार बताते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा केवल सरकारों या संस्थाओं का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक और संवैधानिक कर्तव्य है। बृजेंद्र सिंह के आह्वान पर उपस्थित ग्रामीणों ने हाथ उठाकर पर्यावरण संरक्षण हेतु सामूहिक संकल्प लिया.

**पौधरोपण एवं संरक्षण** -प्रत्येक परिवार पौधे लगाएगा और उनके वृक्ष बनने तक उनकी सुरक्षा एवं देखभाल करेगा।

**जल संरक्षण** -जल की बर्बादी रोकने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए जनजागरण किया जाएगा।

**प्लास्टिक मुक्त ग्राम**- सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्ण बहिष्कार कर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण निर्माण की दिशा में कार्य किया जाएगा।

### पौध वितरण से मिला अभियान को नया विस्तार

कार्यक्रम के दौरान फलदार, औषधीय एवं छायादार पौधों का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पौधे ग्रहण किए और उन्हें अपने घरों, खेतों तथा सार्वजनिक स्थलों पर लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिवा ग्रामीण विकास संस्थान के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर सखी पिपरी टोला से भइयन विश्वकर्मा,रोहित कुशवाहा, अलज विश्वकर्मा, सुमित्रा, रानी, कपिल,भारती आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।






# ग्राम त्योधरा में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन

## श्रद्धालुओं की उमड़ी आस्था की विशाल धारा

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 6 जून, रामपुर बाघेलान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत त्योधरा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। ग्राम निवासी अरुण सिंह भोले जी के निवास पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया है।**

व्यास पीठ से प्रख्यात भागवताचार्य पंडित मधुसूदन प्रसाद चतुर्वेदी महाराज अपने श्रीमुख से श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा का रसपान करा रहे हैं। कथा के दौरान दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्म, भक्ति एवं आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।अपने उद्बोधन में व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए पंडित श्री चतुर्वेदी महाराज ने कहा कि भगवान की प्राप्ति केवल सच्ची श्रद्धा, समर्पण और निष्काम भक्ति से ही संभव है। जो भक्त पूर्ण विश्वास एवं प्रेमभाव से प्रभु का स्मरण करता है, उसके जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और उसे आत्मिक शांति एवं सुख की प्राप्ति होती है।"कथा स्थल पर



प्रतिदिन भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन एवं भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो रहे हैं। पूरे ग्राम में धार्मिक उल्लास एवं उत्साह का वातावरण बना हुआ है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल एवं प्रसाद वितरण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है तथा लोगों में नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन होता है। कथा के समापन दिवस पर विशाल भंडारे एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# ठेकेदार पैकारी के माध्यम से गांव-गांव में बिकवा रहा है शराब

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 6 जून, तहसील और विधानसभा क्षेत्र का मुख्यालय रामपुर बाघेलान नगर इस समय अवैध शराब की पैकारी का केंद्र बन गया है। शराब ठेकेदार के निजी वाहन रात दिन गांव गांव, मोहल्ले मोहल्ले शराब की पैकारी करते हैं। इससे छोटे छोटे बच्चों को भी शराब की लत लग रही है।**

प्रदेश सरकार एक तरफ तो नशा मुक्ति अभियान चला कर करोड़ों रुपया खर्च कर रही है वहीं आई जी रीवा गौरव राजपूत भी नशा तस्करों पर कार्रवाई का अभियान छेड़े हुए हैं जिसमें लगातार कार्रवाइयां भी हो रहीं हैं उसके बाद भी अवैध शराब की पैकारी और तस्करी रुक नहीं रही है।

जानकारों का कहना कि रामपुर बाघेलान का शराब ठेकेदार अपनी दोनों दुकानों से अपने निजी वाहनों से रात दिन गांव गांव, मोहल्ले मोहल्ले शराब पैकारी करा कर अवैध रूप से शराब की बिक्री करा रहा है। यही नहीं रामपुर बाघेलान की शराब दुकानों पर कहीं भी रेट लिस्ट नहीं लगाई गई इस कारण शराब में जमकर ओवर रेटिंग हो रही है।

# केजेएस सीमेन्ट ने पर्यावरण दिवस पर किया सामूहिक वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज

**मैहर 6 जून, केजेएस सीमेन्ट राजनगर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली, संगोष्ठी एवं सामूहिक वृक्षारोपण का आयोजन किया गया जिसमें 101 छायादार व फलदार पौधों का रोपण हुआ।**

केजेएस के पर्यावरण विभाग की ओर से कंपनी के कार्यकारी निदेशक कर्नल (रिटा) नीरज वर्मा के नेतृत्व में सभी कार्यक्रम संपन्न हुए। पूर्वान्ह कंपनी के कर्मचारी ड्रेसकोड एवं पोस्टर बैनर के साथ जिलास्तरीय रैली में शामिल हुए । बाद में यही रैली जागरूकता नारों के साथ फैक्ट्री एवं आवासीय परिसर में घूमी।




अपराह्न पैकिंग प्लांट के दक्षिणी छोर पर कर्मचारियों ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत 101 बड़े पौधों का रोपण किया।पहला पौधा ईडी कर्नल (रिटा) नीरज वर्मा एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारी डीके सिंह ने लगाया। माइंस प्रमुख विजय सिंह राठौर ने भी अपनी टीम के साथ वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया।

सामूहिक वृक्षारोपण के अवसर पर एचआर प्रबंधक पीयूष त्रिपाठी, मनीष सिंह, हार्टिकल्चर विभाग के अधिकारी जितेंद्र सिंह बागरी, आरएस उर्मलिया, पर्यावरण विभाग के प्रबंधक विपिन द्विवेदी, अनिल पांडेय, जितेन्द्र सिंह पटेल, कल्याण सिंह, सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह बघेल, अजयकांत त्रिपाठी, डॉ टीएस बघेल, अखिलेश कुशवाहा एवं जनसंपर्क प्रबंधक निरंजन शर्मा ने भाग लिया।

# मूलभूत सुविधाओं को लेकर कोठी में हुई महिला कांग्रेस की बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना/कोठी 6 जून, सतना ज़िले की रैगांव विधानसभा के कोठी नगर वार्ड क्रमांक टीवी 14, गुप्ता कॉलोनी में महिला कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।**

यह बैठक महिला कांग्रेस की ज़िला प्रभारी प्राची शुक्ला के नेतृत्व में संपन्न हुई।इस अवसर पर वक्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के मार्गदर्शन का स्मरण करते हुए क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, संगठन को मज़बूती देने और सदस्यता अभियान को घर-घर तक पहुँचाने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और




कार्यकर्ताओं ने कोठी क्षेत्र की मुख्य समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। नगर पंचायत कोठी में लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं जैसे खराब रोड, खराब चिकित्सा व्यवस्था, महिलाओं के लिए सुलभ कॉम्प्लेक्स, आदि की आदि का अभाव है, जिस पर प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों और सशक्तिकरण की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए महिला कांग्रेस ने स्थानीय प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की है। बैठक में रैगांव विधानसभा की पूर्व शविधाआयिका कल्पना वर्मा, प्रदेश महासचिव आरती सिंह, प्रदेश सचिव प्रभा जीतू बागरी, ज़िला प्रभारी प्राची शुक्ला समेत कई महिला कार्यकर्ता और क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# रज्जन सरल ने अपनी अद्भुत काव्य क्षमता से बनाई अलग पहचान

नवभारत न्यूज

**हिरौंदी 6 जून,जीवन में कठिनतम परिस्थितियों के बावजूद साहित्यिक रचनात्मकता से सतना जिले के छोटे से गांव तिहाई से निकलकर पं. रज्जन सरल ने समूचे देश में अपनी काव्य छमता से एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है । उनकी रचनाओं को देश के शीर्षस्थ कलाकारों ने आवाज दी है ।**

उनकी मुख्य रचनाएं श्री राम कथा मानस सरल, राम अमृतवाणी, श्री रामभद्राचार्य चालीसा एवं श्री राम जानकी विवाह के बाद अब उन्होंने बागेश्वर



बाला जी सरकार पर एक श्रेष्ठ रचना की है ।मन को छू जाने वाली उनकी सैकड़ों रचनाएं दूरदर्शन से लेकर आकाशवाणी तक प्रसारित हो चुकी हैं ।साथ ही आपके द्वारा लिखी गई अनेक भजनों को पद्म श्री अनूप जलोटा ने गाया है ।क्षेत्र वासियों ने रज्जन सरल को अपनी शुभकामनाओं में कहा है कि ऐसे ही भावपूर्ण रचनाओं के माध्यम से आध्यात्मिक मार्ग पर अग्रसर रहें और समाज में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान दें ।

# आस्था के रास्ते पर 42 साल से गड्ढे ही गड्ढे

▸ मलगांव के हनुमान मंदिर तक नहीं पहुंच पा रहे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**कोटर 6 जून, जिले की कोटर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मलगांव में विकास के दावे और आस्था दोनों शर्मसार हो रहे हैं।**

टमसा नदी के तट पर स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने प्रसिद्ध हनुमान मंदिर तक जाने वाला शासकीय मार्ग पिछले 42 वर्षों से बदहाल पड़ा है वहीं के स्थानीय पत्रकार भागवत द्विवेदी के अनुसार, यह मार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुका है।42 साल में प्रशासन या जनप्रतिनिधियों ने यहां एक गाड़ी मुरुम तक नहीं डलवाई। बारिश में हालात इतने खराब हो जाते हैं कि मंदिर तक पहुंचना असंभव हो जाता है। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का



सामना करना पड़ता है हैरानी की बात यह है कि गांव में अन्य जगहों पर नाली-रोड का निर्माण कार्य जोरों पर है, लेकिन मंदिर का रास्ता उपेक्षित है। ग्रामीणों का आरोप है कि एक औद्योगिक संस्थान ने मलगांव पंचायत को गोद ले रखा है, इसके बावजूद कंपनी प्रबंधन ने आज तक इस मार्ग की सुध नहीं ली। पूर्व और वर्तमान सरपंच-सचिव को कई बार ज्ञापन दिया गया, पिछले दो साल से अखबारों में खबरें भी प्रकाशित हो रही हैं, पर नतीजा सिफर है।42 साल... ये सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, सिस्टम की संवेदनहीनता का सबूत है। जब शासकीय रोड मौजूद है तो उसे बनने से कौन रोक रहा है? कंपनी सीएसआर फंड कहां खर्च कर रही है जब गोद ली हुई पंचायत में भगवान के घर का रास्ता ही नहीं है। ये आस्था का अपमान है। सरपंच, सचिव, जनपद सीईओ और एसडीएम को तुरंत इस पर एक्शन लेना चाहिए। अगर श्रावण मास से पहले रोड नहीं बना तो जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। धर्म के काम में बाधा अब बर्दाश्त नहीं ग्रामीणों ने कलेक्टर सतना और फैक्प्रट्री बंधन से तत्काल हस्तक्षेप कर पक्की सड़क निर्माण की मांग की है।

# नन्हे प्रभात की धमकी पड़ी भारी

▸ कांग्रेस नेता व आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान प्रमुख को पूरी करनी पड़ी मांग

नवभारत न्यूज

**मझगवां 6 जून, कहते हैं बच्चों की जिद के आगे तो भगवान भी झुक जाते हैं, फिर राजनेता क्या चीज हैं सोशल मीडिया के इस दौर में जहां नेता बड़े-बड़े वादे करके भूल जाते हैं.**

वहीं अमिरिती गांव से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने लोगों का दिल जीत लिया है यहां एक नन्हे बच्चे की मासूम %धमकी% के आगे कांग्रेस नेता आशुतोष द्विवेदी को नतमस्तक होना पड़ा और आखिरकार उन्हें बच्चे की मांग पूरी करनी ही पड़ी।

**तुम आशुतोष आहु न?... और मिल गई धमकी**-मामला दो दिन पहले का है, जब आशुतोष द्विवेदी अपने अमिरिती गांव के भ्रमण पर थे तभी वहां एक नन्हा सा बच्चा, नाम जिसका %प्रभात% है, पूरे देसी रौब और लहजे में आशुतोष के सामने आकर खड़ा हो गया बच्चे ने सीधे पूछा "तुम आशुतोष आहु न ? ?अचानक एक छोटे से बच्चे के इस अंदाज को देखकर आशुतोष के चेहरे पर हल्की मुस्कान और हैरानी दोनों तैर गई उन्होंने प्यार से जवाब दिया卐हां भईया, कहे कुछु गलती होइ गे का?" इस पर प्रभात ने अपनी असली मांग सामने रखते हुए रौब से कहा "मोहि साइकिल लेवइहा!" (मुझे साइकिल दिलाओ)। बच्चे की इस



मासूमियत और हक जताने के अंदाज पर आशुतोष इतने कायल हुए कि उन्होंने तुरंत उसे गले लगा लिया, हालांकि उस वक्त वो बिना कुछ वादा किए वहां से वापस लौट आए।

**दो दिन बाद जब चार पहिया से उतरी 'चार चक्के वाली गाड़ी'**-प्रभात को लगा होगा कि बात आई-गई हो गई, लेकिन आशुतोष के दिल में बच्चे की वो मासूम जिद घर कर गई थी आज जब आशुतोष दोबारा अमिरिती गांव पहुंचे, तो प्रभात की नजरें सीधे उनकी गाड़ी पर जाकर टिक गईं मानो वो देख रहा हो कि उसकी साइकिल आई या नहीं ?और फिर क्या था! आशुतोष ने अपनी चार पहिया गाड़ी का डिग्गी खोली और उसमें से निकाल लाए चमचमाती हुई नन्हे प्रभात की 'चार चक्के वाली' (सपोर्टर व्हील्स लगी हुई) साइकिल।

### स्वागत भी हुआ जोरदार

आशुतोष ने न सिर्फ बच्चे को साइकिल सौंपी,बल्कि बकायदा प्रभात को माला पहनाई और उसकी नई नवेली साइकिल को भी फूलों का हार पहनाकर उसका %गृह प्रवेश% कराया ?खुशी ऐसी कि लफ्ज कम पड़ गए ?साइकिल मिलते ही नन्हे प्रभात के चेहरे के भाव देखने लायक थे।वो इतना भावुक और खुश था कि उसके मुंह से शब्द नहीं निकल रहे थे।न कोई शोर, न कोई दिखावा...बस उसकी आंखों और चेहरे की चमक बता रही थी कि उसके दिल में खुशी का समंदर हिलोरें मार रहा था।

# बदेरा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण, विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**अमदरा 6 जून, मैहर जिले के ओआईसी डॉ. हर्ष चावरे द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदेरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, संस्थागत व्यवस्थाओं तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।**

निरीक्षण के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमदरा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीयूष पांडे, चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्व मोहन प्रजापति, बंधपत्र चिकित्सक डॉ. दीवान कुमार सहित स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। डॉ. चावरे ने स्वास्थ्य




सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का अवलोकन किया तथा सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदेरा परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। डॉ. हर्ष चावरे एवं डॉ. पीयूष पांडे ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और हरित पर्यावरण स्वस्थ जीवन का आधार है तथा प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम ने स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का भी संदेश दिया।

# जयकारों के बीच हत्था बाबा मंदिर के भंडारे में हजारों श्रद्धालु पहुंचे

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 6 जून, नगर स्थित सुप्रसिद्ध श्री काल भैरव हत्था बाबा मंदिर में भक्ति, श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला।**

मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। श्री काल भैरव हत्था बाबा मंदिर में पुजारी रमेश तिवारी के मार्गदर्शन में भव्य एवं विशाल भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। सुंदरकांड का पठ एवं भक्ति गीतों और मधुर भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने हत्था बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दूर-दूर से पहुंचे भक्तों ने श्रद्धा भाव के साथ भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को



मिली। पुजारी रमेश तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य भक्तों को एकजुट कर धर्म और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने हत्था बाबा काल भैरव के जयकारों के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति एवं स्थानीय भक्तों का विशेष सहयोग रहा।

# सीसी सड़क के निर्माण के लिए नियमों की आहुति, खड़ा किया अवैध हैण्ड बोल्डर का पहाड़

## वाह रे .. सिस्टम, गरीब उठाता तो होती जेल , अर्जुनपुर में पंचायत के जिम्मेदारों का कारनामा

नवभारत न्यूज

**बरौंधा 6 जून, मझगवां ब्लॉक की ग्राम पंचायत अर्जुनपुर के जिम्मेदारों ने शासकीय स्कूल के बगल से बनने वाली पीसीसी सड़क निर्माण के लिए शासन के सारे मानक और नियम-कायदों की सरेआम आहुति चढ़ा दी है।**

यहां सड़क बनाने के लिए जिम्मेदारों ने जिस बोल्डर का डेर लगवाया है अगर यही 'हैंड ब्रोकर' बोल्डर किसी गरीब ग्रामीण ने बिना अनुमति इकट्ठा किया होता, तो वन विभाग और राजस्व का अमला अब तक उसे सलाखों के पीछे भेज चुका होता। उसकी गाड़ियां जब्त हो जातीं, लेकिन यहां तो पूरी की पूरी ग्राम



पंचायत ही इस अवैध खेल में शामिल है, इसलिए शायद यहां कार्यवाही की कोई जहमत भी न उठाई जाएगी।

**मानक नियमों के विपरीत जंगली बोल्डर से निर्माण की तैयारी**- शासन की स्पष्ट गाइड लाइन है कि पीसीसी सड़क के निर्माण में क्रेशर की 20 द्वद्व और 40द्वद्व गिट्टी (बोल्डर) का इस्तेमाल होना चाहिए, लेकिन अर्जुनपुर पंचायत के नुमाइंदों ने सड़क मानक नियमों को पूरी तरह ठेंगा दिखाते हुए मिट्टी से सने, बिना किसी साइज के अवैध %जंगली और हैंड ब्रोकर पत्थरों% का अंबार लगा दिया है।

**चोरी के पत्थरों से विकास, फॉरेस्ट का माल या राजस्व में सेंध**- सबसे गंभीर सवाल यह है कि बिना किसी वैध अनुमति के इतना बड़ा पत्थरों का जखीरा कहां से खोदकर लाया गया । क्या यह बरौंधा वन परिक्षेत्र के सुरक्षित वनों की छाती चीरकर किया गया अवैध उत्खनन है या फिर राजस्व क्षेत्र की जमीनों पर अवैध रूप से डाला गया डांका है । बिना किसी रॉयल्टी और बिना अनुमति के इस तरह सरकारी काम के लिए पत्थरों का खनन करना सीधे-सीधे शासकीय चोरी की श्रेणी में आता है। चर्चा तो यह भी है कि बाद में किसी चहेते ट्रेडर्स का बिल लगाकर इसे %क्रेशर बोल्डर% दिखाया जाएगा और शासन के राजस्व को चूना लगाकर पूरा भुगतान डकार लिया जाएगा।

### कौन करेगा जांच , क्या होगी कार्रवाई

अवैध उत्खनन को बढ़ावा देने और खुलेआम चोरी के पत्थरों से सड़क निर्माण की तैयारी करने वाले अर्जुनपुर पंचायत के इन जिम्मेदारों पर क्या कोई कानूनी कार्रवाई होगी ? क्या बरौंधा वन परिक्षेत्र के अधिकारी और राजस्व विभाग के बड़े साहब इस 'खुली लूट' पर संज्ञान लेंगे, या फिर भ्रष्टाचार के इस खेल में %सबका साथ और सबका विकास% मानकर सब नजर अंदाज कर दिया जाएगा ।

# शरद पूर्णिमा पर चित्रकूट में लगेगा दो दिवसीय जागृत लक्ष्मी साधना शिविर

**चित्रकूट 6 जून,**चित्रकूट में दो दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन होने जा ।शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर रहा है। दादा गुरुदेव डॉ0 नारायण दत्त श्रीमाली (परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद) जी महाराज की छत्रछाया और सदगुरुदेव नंदकिशोर श्रीमाली के सानिध्य में 'जागृत लक्ष्मी साधना शिविर' का आयोजन होगा। यह शिविर 24 व 25 अक्टूबर, शनिवार-रविवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर, सीतापुर में आयोजित किया जाएगा। आयोजन में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित देश के कई प्रांतों से हजारों साधक-साधिकाएं और बड़ी संख्या में शिष्यगण पहुंचेंगे।